प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.01.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आज प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे–प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे।
- राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य में रोजगार उत्सव का आयोजन होगा–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा साढे 13 हजार से ज्यादा युवाओ को नियुक्ति पत्र सौपेंगे।
- राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से–इस बार सत्र पूरी तरह पेपरलैस होगा।
- जोधपुर में आज से पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव की शुरूआत।

आज प्रवासी भारतीय दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल से शुरू हुआ था। ये सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक–दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण करवाए हैं। इस सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। आज प्रधानमंत्री, प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन के माध्यम से प्रवासी भारतीय देशभर के पर्यटन और तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। इससे भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रचार प्रसार होगा और लोगों का देश के प्रति जुडाव बढेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री, विश्वरूप राम : रामायण की सार्वभौमिक धरोहर, प्रवासी भारतीयों का प्रौद्योगिकी में योगदान तथा भारत भारतीय प्रदर्शनी का भी उद्‌घाटन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू शिरकत करेंगी।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य में रोजगार उत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस उत्सव में साढे 13 हजार से ज्यादा युवाओ को विभिन्न विभागों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे जायेंगे। इनमें चिकित्सा, वित्त, गृह, राजस्व तथा शिक्षा विभाग में विभिन्न नियुक्तियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल अपने आवास पर युवा दिवस पर आयोजि होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। श्री शर्मा ने कहा कि इसी दिन 31 हजार 29 करोड़ रुपये के 73 हजार से ज्यादा विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया जाएगा। इनमें ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण विकास, पीएचईडी, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, पंचायतीराज तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्य शामिल हैं। इससे पहले कल जयपुर में युवा दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय युवा महोत्सव की शुरूआत हुई। 12 जनवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में खेल स्पर्धाओं के अलावा कई अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हो रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी युवा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। हनुमानगढ़ में पांच दिन का अंतर जिला युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम कल से शुरू हुआ। युवा जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में उदयपुर जिले के 27 प्रतिभागी भाग ले रहे है। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें हनुमानगढ़ की संस्कृति और खानपान के बारे मे ंजानने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर उदयपुर से आये एक प्रतिभागी ने अपना अनुभव साझा किया।

उधर जैसलमेर में नेहरू युवा केन्द्र की ओर से सांकडा गांव में ब्लॉकस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुई। इनमें कबड्डी, रस्सा कसी और दौड़ की प्रतियोगिताएं हुई।

प्रदेश में मतदान केन्द्रों की संख्या में बढोतरी हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 713 नये मतदान केन्द्रों के साथ अब कुल मतदान केन्द्र 52 हजार 469 हो गए हैं। पिछले वर्ष इनकी संख्या 51 हजार 756 थी। उन्होनें बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के दौरान 716 नए मतदान केन्द्र बनाये गये तथा 3 मतदान केन्द्र समायोजित किए गए। इसके बाद अब मतदान केन्द्रों की संख्या में 713 की बढोतरी हुई है। श्री महाजन ने बताया कि नए राजस्व गांवों के लिए अलग मतदान केन्द्र तथा कुछ जगह मतदाताओं की संख्या अधिक होने के आधार पर नए मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ इस सत्र की शुरूआत होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ये सत्र पूरी तरह से पैपर लेस होगा।

जोधपुर में आज से पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव आयोजित किया जा रहा है। ये उत्सव 19 जनवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इसका आज शाम उद्घाटन करेंगे। जिला उद्योग केन्द्र और वाणिज्य केन्द्र, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान और लघु उद्योग भारती की ओर से आयोजित होने वाला ये उत्सव इस बार कई आकर्षण लिये होगा।

आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग ने प्रदेश में लू–तापघात को "राज्य विशेष प्राकृतिक आपदा" की श्रेणी में अधिसूचित किया गया है। लू और तापघात के कारण होने वाली जनहानि और नुकसान से प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों को भारत सरकार के राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के मानदंडों के अनुसार राहत दी जाएगी।

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड रही है। पारा गिरने से गलन और ठिठुरन का प्रभाव है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जगहों पर रात का तापमान 5 डिगी सैल्सियस से कम दर्ज किया गया है। सबसे कम 1 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान माउंटआबू का रहा। नागौर में 1 दशमलव 7, चूरू में 4, चित्तौडगढ में 4 दशमलव 3, भीलवाडा और डबोक में 4 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। जैसलमेर में रात में तेज ठण्ड से जनजीवन प्रभावित है। हनुमानगढ़ में घनी धुंध छायी हुई है। इससे यातायात पर असर पड रहा है। अजमेर में सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए लोग विभिन्न उपाय कर रहे है। सीकर में तेज ठण्ड से लोगो की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। सुबह और शाम के समय लोग घर से बाहर कम निकल रहे है।

मौसम विभाग ने कल और परसो भरतपुर, जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की है।